दिन– मंगलवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 23 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज लोकसभा में वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस का केंद्रीय बजट पेश करेंगी।

02. राज्य की प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक पर अंकुश लगाने के लिए आज विधानसभा में पेश होगा विधेयक। दस साल तक की सजा और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने का है प्रावधान।

03. भागलपुर, मुजफ्फरपुर, वीरपुर और छपरा समेत राज्य के दस शहरों को उड़ान योजना से जोड़ा जाएगा। बीस सीट तक की क्षमता वाले विमान सेवा की होगी शुरूआत।

04. और, रिहंद तथा वाणसागर जलाशय से बिहार को पानी की आपूर्ति शुरू। प्रति दिन नौ हजार क्यूसेक पानी मिलने से दक्षिण बिहार के किसानों को मिल रहा है लाभ।

---

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज ग्यारह बजे लोकसभा में वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस का केंद्रीय बजट पेश करेंगी। यह नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट है। इससे पहले कल दोनों सदनों में वित्त वर्ष दो हजार तेईस –चौबीस का आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया, जिसमें देश के आर्थिक प्रदर्शन की समीक्षा की गई है। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

---

बिहार के दस शहरों को केन्द्र की महत्वाकांक्षी उड़ान योजना से जोड़ा जाएगा। इनमें वीरपुर, सहरसा, भागलपुर, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, वाल्मीकिनगर, मोतिहारी, रक्सौल, मधुबनी और छपरा को शामिल किया गया है। इन शहरों से बीस सीट तक क्षमता वाले विमान सेवा की शुरुआत होगी। राज्यसभा में भाजपा सांसद भीम सिंह के तारांकित प्रश्न के उत्तर में नागर विमानन मंत्री के आर नायडू ने ये जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि बिहार सरकार से इन शहरों से विमानों का परिचालन शुरू करने के लिए हवाई अड्डे के विकास और भविष्य में विस्तार के लिए भूमि की उपलब्धता की मांग की गई है। साथ ही सुरक्षा, अग्निशमन सेवाओं, मौसम संबंधी सेवाओं और हवाई अड्डों के

परिचालन और प्रबंधन के प्रावधान के लिए दायित्व के संबंध में अपनी सहमति और पुष्टि प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

---

केन्द्र ने कहा है कि केंद्र सरकार के कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना की बहाली का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। लोकसभा में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने यह जानकारी दी। वहीं, एक अन्य प्रश्न के उत्तर में श्री चौधरी ने बताया कि सरकारी कर्मचारियों के वेतन और पेंशन में संशोधन के लिए आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

---

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में बेरोजगारी दर में हाल के वर्षों में गिरावट आई है। लोकसभा में एक लिखित उत्तर में श्रम और रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने कहा कि नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार वर्ष दो हजार बीस–इक्कीस में पंद्रह वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए अनुमानित बेरोजगारी दर चार दशमलव दो प्रतिशत थी। दो हजार बाईस–तेईस में यह दर तीन दशमलव दो प्रतिशत रही।

---

पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत अब तक तेरह लाख चौरानवे हजार से अधिक लाभार्थियों का पंजीकरण किया जा चुका है। इसमें लगभग साढे पांच लाख महिलाएं हैं। लोकसभा में कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने बताया कि पांच लाख तीन हजार से अधिक लोगों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसमें से लगभग पौने तीन लाख महिलाएं हैं।

---

राज्य की प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक पर अंकुश लगाने के लिए राज्य सरकार नया कानून ला रही है। सरकार इस संबंध में आज विधानसभा में विधेयक पेश करेगी। विधेयक में पेपर लीक या इससे जुड़ी किसी भी गतिविधि में शामिल होने वाले को दस साल तक की सजा और एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगेगा। इस कानून के अधीन सभी अपराध संज्ञेय और गैरजमानती होंगे। विधानसभा में कल विधायकों के बीच बिहार लोक परीक्षा अनुचित साधन निवारण विधेयक, दो हजार चौबीस की प्रतियां बांटी गईं। इधर, आज ही उच्चतर शिक्षण संस्थानों में विश्वविद्यालय सेवा आयोग द्वारा

नियुक्तियां किये जाने संबंधी संशोधन विधेयक सहित कई अन्य विधेयक भी पेश किये जायेंगे।

---

विधानमंडल के मानसूत्र सत्र के पहले दिन कल वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए सैंतालीस हजार पांच सौ बारह करोड़ रूपये का पहला अनुपूरक बजट पेश किया गया। विधानसभा में वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने और प्रभारी मंत्री अशोक चौधरी ने विधान परिषद में अनुपूरक बजट पेश किया। छब्बीस जुलाई को इसपर वाद–विवाद और सरकार के उत्तर के बाद इसे पारित किया जाएगा।

---

विधान परिषद के कार्यकारी सभापति अवधेश नारायण सिंह आज निर्विरोध रूप से सभापति निर्वाचित किये जायेंगे। श्री सिंह ने कल सभापति पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस पद के लिए किसी अन्य उम्मीदवार ने अपना नामांकन नहीं भरा है।

---

विधानसभा के मानसून सत्र के संचालन के लिए विधानसभा अध्यक्ष ने विभिन्न सदस्यों को अध्यासीन सदस्य मनोनीत किया है। इनमें भाजपा विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह, जदयू विधायक दामोदर रावत, कांग्रेस के विजय शंकर दुबे, राजद के भूदेव चौधरी और हम की ज्योति देवी शामिल हैं। वहीं, विधान परिषद के लिए डॉ. संजीव कुमार सिंह, प्रो. नवल किशोर यादव, मदन मोहन झा और महेश्वर सिंह को अध्यासीन सदस्य मनोनीत किया गया है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा या विशेष पैकेज मिलने से विकास को नई रफ्तार मिलेगी। एनडीए विधानमंडल दल की बैठक में श्री कुमार ने कहा कि यह बिहार की पुरानी मांग रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इसमें जो भी बिहार के लिए देगी, उससे विकास में मदद मिलेगी।

---

बिहार विधान मंडल के मानसून सत्र को लेकर भाजपा विधानमंडल दल की आज बैठक होगी। प्रदेश भाजपा कार्यालय में यह बैठक शाम छह बजे आयोजित की गई है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में पार्टी के सभी विधायक और विधान पार्षद मौजूद रहेंगे। बैठक में विधानमंडल के चालू सत्र में विपक्ष के हमले का जवाब देने और राज्य सरकार की उपलब्धियों को सदन में प्रभावी ढंग से रखने को लेकर रणनीति बनेगी।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने इस साल की मेडिकल प्रवेश परीक्षा—नीट में भौतिकी के प्रश्न के दो विकल्पों को सही उत्तर मानने के राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी—एनटीए के फैसले पर अपनी राय देने के लिए एक विशेषज्ञ पैनल बनाने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने आईआईटी दिल्ली की विशेषज्ञ टीम को आज दोपहर बारह बजे तक शीर्ष अदालत के रजिस्ट्रार को अपनी रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है। नीट—यूजी परीक्षा के संचालन में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली याचिकाओं के समूह में भौतिकी के एक विवादास्पद प्रश्न के लिए ग्रेस अंक देने पर सवाल उठाया गया था। इस मामले में आज दोबारा सुनवाई होगी।

---

नीट पेपर लीक मामले में पटना स्थित विशेष अदालत ने छह आरोपियों की सीबीआई की रिमांड अवधि पांच अगस्त तक बढ़ा दी है। जांच एजेंसी ने इस संबंध में अदालत के समक्ष आवेदन दिया था।

---

बिहार को रिहंद और वाणसागर जलाशय से पानी की आपूर्ति शुरू हो गयी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के रिहंद जलाशय से राज्य को प्रति दिन औसतन पांच हजार क्यूसेक पानी की आपूर्ति हो रही है। वहीं, मध्य प्रदेश के वाणसागर जलाशय से चार हजार क्यूसेक पानी रोजाना मिल रहा है। इन दोनों जलाशय से पानी की आपूर्ति शुरू होने के बाद दक्षिण बिहार में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होने लगा है।

---

पटना स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में अनुवांशिकी और दुर्लभ रोग क्लिनिक शुरू हो गया है। एम्स के कार्यकारी निदेशक प्रो. डॉ. जी. के. पॉल ने बताया कि यहां जटिल विकारों से प्रभावित व्यक्तियों की जांच और इलाज की व्यवस्था के लिए विशेषज्ञों की पूरी टीम मौजूद रहेगी। उन्होंने बताया कि अस्पताल में नवजात शिशु जांच केन्द्र की भी शुरूआत की गयी है। यहां नवजात शिशुओं में जन्मजात विकारों और बीमारियों की शुरूआती स्तर पर पहचान और उसके निदान की सुविधा मिलेगी।

---

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा शिक्षक नियुक्ति के तीसरे चरण की पुनर्परीक्षा संपन्न हो गयी। चार दिनों तक चली इस परीक्षा के दौरान सत्तावन फर्जी परीक्षार्थियों को गिरफ्तार किया गया। परीक्षा के अंतिम दिन कल पटना और बेगूसराय से एक–एक फर्जी अभ्यर्थी की गिरफ्तारी हुयी।

---

गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र से पुलिस ने दो हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चार विदेशी पिस्तौल और आठ मैगजीन बरामद किये गये हैं। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात में बताया कि इन दोनों हथियार तस्करों का संबंध कुख्यात लॉरेंस विश्नोई गिरोह से है। उन्होंने बताया कि इस गैंग के अन्य सदस्यों के गिरफ्तारी के लिए एस आई टी का गठन किया गया है।

---

कृषि विभाग ने पटना के बख्तियारपुर के तत्कालीन कृषि प्रखंड पदाधिकारी नसीम अंसारी को रिश्वतखोरी के आरोप में सेवा से बर्खास्त कर दिया है। बर्खास्त अधिकारी को निगरानी जांच ब्यूरो ने ग्यारह हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था।

---

पटना के मनेर प्रखंड के खासपुर पैक्स अध्यक्ष और प्रबंधक समेत बारह सदस्यों के खिलाफ सैंतीस लाख रूपये गबन के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है।

---

अररिया पुलिस ने सुपौल के प्रतापगंज से मानव तस्करी के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से एक नबालिग लड़की को सकुशल बरामद कर लिया गया।

---

खगड़िया जिला के बेलदौर प्रखंड क्षेत्र में डूबने की अलग–अलग घटनाओं में दो बच्चों की मौत हो गई।

---

जमुई जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत बंझुलिया गांव के पास सड़क हादसे में सेना के एक जवान और उनकी तीन वर्षीय बच्ची की मौत हो गयी। दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने केन्द्र सरकार के उस स्पष्टीकरण को प्रमुखता से प्रकाशित किया है, जिसमें कहा गया है कि मौजूदा प्रावधानों के तहत बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिया जा सकता है।

**हिन्दुस्तान** लिखता है – जदयू सांसद के सवाल पर केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री बोले– बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिलेगा। **दैनिक भास्कर** ने इसी खबर पर विभिन्न राजनीतिक दलों की प्रतिक्रिया को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से अखबार लिखता है– हमारी मांग राज्य हित में। **दैनिक जागरण** ने लिखा है – मोदी सरकार थ्री–प्वाइंट ओ का पहला बजट आज। अमृतकाल की राह में चुनौतियां, पर इरादे ठोस। **प्रभात खबर** लिखता है – आर्थिक सर्वेक्षण में चालू वित्तीय वर्ष के दौरान आर्थिक वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान। **आज** अखबार ने लिखा है – कांवरिया पथ पर नेम प्लेट लगाने के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट की अंतरिम रोक। **राष्ट्रीय सहारा** समेत सभी समाचार पत्रों ने सावन माह की शुरूआत से जुड़ी खबर को सचित्र प्रकाशित किया है।

पारीक / अभिषेक–23.07.2024 अखबार

**<u>प्रातः 08.48 बजे, दिनांक–23.07.2024</u>**

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज लोकसभा में वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस का केंद्रीय बजट पेश करेंगी।
02. राज्य की प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक पर अंकुश लगाने के लिए आज विधानसभा में पेश होगा विधेयक। दस साल तक की सजा और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने का है प्रावधान।
03. भागलपुर, मुजफ्फरपुर, वीरपुर और छपरा समेत राज्य के दस शहरों को उड़ान योजना से जोड़ा जाएगा। बीस सीट तक की क्षमता वाले विमान सेवा की होगी शुरूआत।
04. और, रिहंद तथा वाणसागर जलाशय से बिहार को पानी की आपूर्ति शुरू। प्रति दिन नौ हजार क्यूसेक पानी मिलने से दक्षिण बिहार के किसानों को मिल रहा है लाभ।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।